## सार-समाचार

### भूपेन्द्र शर्मा का एम्स डीएम में चयन



**बयाना**, (निसं)। बयाना के सिंघाड़ा गाँव निवासी अखिलेश उपाध्याय के सुपुत्र डॉ. भूपेन्द्र शर्मा का एम्स डीएम में चयन होकर ऑल इंडिया रैंक 6 प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विप्र सेना के जिला अध्यक्ष बलदेव तिवारी एवं तहसील अध्यक्ष नवल किशोर उपाध्याय जी द्वारा डॉ. भूपेन्द्र शर्मा का तहेदिल से स्वागत किया गया एवं शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय,दीपक चरौरा तरसूमा प्रमोद पाठक (सिंघाड़ा) अखिलेश उपाध्याय चंद्रप्रकाश उपाध्याय (सिंघाड़ा) आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय जंबूरी के लिए दल रवाना

**हिंडौन सिटी।** राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी की स्काउट गाइड की छात्राओं की रेंजर टीम को राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा प्रथम राष्ट्रीय रोवर / रेंजर जंबूरी छत्तीसगढ़ के जिला बालोद में आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा प्रथम राष्ट्रीय रोवर / रेंजर जंबूरी में छत्तीसगढ़ के जिला बालोद में भागीदारी करने हेतु राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी की रेंजर टीम और उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस राष्ट्रीय जंबूरी में करौली जिले से राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी से रेंजर टीम का महाविद्यालय की संकाय सदस्य शालिनी गुप्ता के नेतृत्व में छात्राएं वंशिका बंसल, स्नेहा गर्ग,सलोनी सेन, संजना, सोनम बानो ,सकीना बानो, नेहा सैनी सात सदस्य दल आज राष्ट्रीय जंबूरी के लिए 6 जनवरी को छत्तीसगढ़ पहुंचेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ रीतेश जैन भी उपस्थित रहे।

### अभिनव सामायिक फेस्टिवल आज

**सवाईमाधोपुर।** सर्वांगीण विकास का लक्ष्य रखने वाली संस्था अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में पूरे देश और नेपाल की 368 शाखाओं में एक समय, एक साथ,एक सामायिक, एक संदेश की भावना को साकार करते हुए सामायिक फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ''उत्सव विश्व मैत्री का'' के रूप में मनाया जाएगा। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन मांडोत के अनुसार यह कार्यक्रम 4 जनवरी, रविवार को प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक एक ही समय पर देश और विदेश के कई स्थानों पर आयोजित होगा। इस अवसर पर समस्त श्रावक समाज एक साथ सामायिक साधना में सहभागी बनेंगे। अभातेयुप के राष्ट्रीय महामंत्री सौरभ पटावरी के अनुसार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती अशांति, तनाव, वैमनस्य एवं सामाजिक विघटन के बीच सामायिक के माध्यम से आत्मिक शांति, संयम, करुणा एवं सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है। देश विदेश में एक साथ आयोजित सामूहिक सामायिक यह संदेश देगा कि अध्यात्म ही समाज को सकारात्मक एवं संतुलित दिशा प्रदान कर सकता है। संस्था द्वारा इस अवसर पर समस्त श्रावक समाज से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आ ान किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जन जन तक आत्मशुद्धि एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया जाएगा।

### राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों का सम्मान

**भरतपुर ( निस )।** द लर्निंग ट्री प्री स्कूल, जवाहर नगर में रंगोत्सव सेलिब्रेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कला प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को उनकी रचनात्मक प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के बच्चों ने ड्राइंग, कलरिंग, हैंडराइटिंग, कोलाज मेकिंग तथा फिंगर व थम्ब प्रिंटिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करती हैं। समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुछ विद्यार्थियों का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए भी किया गया है, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं रंगोत्सव सेलिब्रेशन टीम का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### अंकुश मीना निर्विरोध अध्यक्ष बने

**करौली ।** राजस्थान अधिनस्थ कर्मचारी संघ आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग करौली के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद के पदों पर निर्वाचन किया गया, जिसमें सांख्यिकी निरीक्षक अंकुश मीना को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया।इसी प्रकार सांख्यिकी निरीक्षक हेमराज मीणा को निर्विरोध पार्षद मनोनीत किया गया। निर्वाचन अधिकारी और उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मुकेश कुमार ने बताया कि निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी को कार्यकारिणी बनाकर कर्मचारियों के हितों के कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्यक्ष और पार्षद मिलकर जिले में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करेंगे। इस अवसर पर मौजूद आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के कार्मिकों द्वारा बधाई और शुभकामना में प्रेषित की गई हैं।

### जनसंपर्क अभियान चलाया

**हिंडौन सिटी।** जिला जाटव समाज सुधार समिति 360 गांव के तत्वावधान में 18 जनवरी 2026 को श्रीमहावीरजी में आयोजित होने वाली जाटव समाज की महापंचायत के प्रचार-प्रसार हेतु रविवार को व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जगर सांवरे का पूरा, बमनपुरा खुरसठपुरा, शेरपुर, रारा साहपुर, खेड़ी हैबत, खीजूरी, ढिंढोरा, अक्खे का पूरा, खरेटा, आरेनिया का पूरा, मिल्कीपुरा अलावाड़ा, चिनायटा सहित अनेक गांवों में समाजबंधुओं से संपर्क कर उन्हें महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आ ान किया गया। जनसंपर्क के दौरान समाज के लोगों को महापंचायत के उद्देश्यों, समाज की एकता, संगठन को मजबूत करने तथा शैक्षिणक एवं सामाजिक विकास से जुड़े विषयों की जानकारी दी गई। इस मौके पर रिंकू खेड़ी हैबत, भगवत गली वाले, गोपाल फौजी, गुट्टीराम, दिनेश सहित समाज के कई सक्रिय कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर महापंचायत को सफल बनाने का संकल्प लिया

### रामदेव जी मंदिर में पौष बड़ा आज

**सवाई माधोपुर।** शहर के रैगर मोहल्ला स्थित प्रसिद्ध बाबा रामदेव जी महाराज मंदिर में आज रविवार, को भव्य पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। भक्ति और सेवा के इस संगम में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आयोजन की जानकारी देते हुए विक्की जौलिया ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत बाबा की विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ होगी। इस दोहरान विशाल भजन संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय गायक भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को गरमा-गरम पौष बड़े का प्रसाद वितरित किया जाएगा।
मंदिर समिति ने सभी भक्तों से इस धार्मिक आयोजन में सपरिवार पधारने और धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

### नदी की ढाणी के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। ग्राम पंचायत बामन बड़ौदा की नदी की ढाणी के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। इसमें क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग की गई। बृजमोहन प्रजापत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मालियों की ढाणी से प्रजापत ढाणी तक लगभग 500 मीटर सड़क के निर्माण की मांग रखी। इसके साथ ही उन्होंने अमरगढ़ बांध के डूब क्षेत्र में लगभग 200 बीघा भूमि आने से प्रभावित गरीब किसानों की आजीविका का मुद्दा उठाया।

# 'आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता'

**भरतपुर,** (निसं)। शहर में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं नियोजित विकास को गति देने के उद्देश्य से भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त कनिष्क कटारिया ने शनिवार को प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यों का विस्तृत स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेक्टर13, मॉडल रोड के विद्युतीकरण कार्य, एसपीजेड क्षेत्र में चल रहे विद्युतीकरण कार्य, प्रस्तावित शहर के विभिन्न ड्रेनेज कार्यों तथा सेक्टर 3 आवासीय योजना में विद्युत कार्यों की प्रगति का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त कटारिया ने संबंधित अभियंताओं से कार्यों की प्रगति, तकनीकी गुणवत्ता, उपयोग की जा रही सामठी एवं निर्धारित समय-सीमा के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शहर के समठा विकास के लिए सभी परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाना आवश्यक है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य मानकों के अनुरूप हों तथा आमजन को न्यूनतम असुविधा हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कों, सुचारु विद्युत व्यवस्था और प्रभावी जल निकासी प्रणाली से न केवल नागरिकों की दैनिक समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि शहर की सुंदरता एवं जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि बीडीए द्वारा नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

बीडीए आयुक्त ने ड्रेनेज कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि जलभराव की समस्या से स्थायी निजात दिलाना प्राधिकरण की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम तुरंत उठाए जाएं। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता योगेश माथुर, अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार, बहादुर सिंह, बनवारी लाल, जगदीश शर्मा एवं जितेन्द्र नील सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त कनिष्क कटारिया ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

### एक राष्ट्र एक चुनाव महत्वपूर्ण : दिनेश भातरा

**भरतपुर ( निस )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर स्टूडेंट्स फ़ॉर वन नेशनल वन इलेक्शन की बैठक संभाग संयोजक दिनेश भातरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री जगतसिंग गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर गॉड, जिला उपाध्यक्ष गौरव सरपंच, जिला प्रवक्ता कुलदीप पोसवाल, आकाश हथेनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे बैठक का संचालन जिला संयोजक कृष्णा जाट ने किया। प्रदेश नेतृत्व के आभान पर पूरे राजस्थान के अन्दर 2 जनवरी से 12 जनवरी तक राष्ट्र वापी हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा जिससे कि हमारे देश का अधिक तर समय लोकसभा ,विधानसभा ,पंचायत ,निकाय चुनावो के माध्यम से खर्च हो रहा है जिससे देश पर आर्थिक भार भी पड़ता है तथा बार बार आचार संहिता लगने से देश का विकास भी बाधित होता है और 2047 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने 2047 में विकसित भारत को पूरा करने के लिये पूरे देश मे एक राष्ट्र एक चुनाव महत्वपूर्ण है जिससे विकास करने के लिये भी समय मिल सकेगा व एक साथ चुनाव कराने से खर्चा कम होगा इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित फौजदार, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पवन चिकसाना ,हरदीप पीरनगर, योगेंद्र कुंतल , योगा सहनावली आदि मौजूद थे।

# युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

**भरतपुर ( निस )।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर, राजस्थान द्वारा चलाई जा रही नई किरण नशा मुक्ति केंद्र योजना के तहत महारानी श्रीजया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के तत्वावधान में नशा मुक्ति हेतु व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता पांडे ने की उन्होंने नशे पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को नशे से दूर रह कर सुरक्षित भविष्य पर ध्यान देने को कहा।

- नई किरण नशा मुक्ति केंद्र योजना के तहत महारानी श्रीजया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के तत्वावधान में नशा मुक्ति हेतु व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ

व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार गुप्ता आचार्य एवं डॉ. पवन शर्मा रहे। डॉ. अशोक गुप्ता ने नशा कारण, परिणाम एवं निवारण विषय पर बोलते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है इससे शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों पड़ता है उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए अनेक प्रसंगों एवं कविताओं के माध्यम से प्रेरित किया। दूसरे सत्र में मेडिकल विभाग के डॉ. पवन शर्मा ने नशा मुक्ति के लिए ष्संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपीष् विषय पर विस्तार से भाषण दिया और उन्होंने बताया कि यह थेरेपी-सीबीटी आपको अपने जीवन पर नियंत्रण पाने, नकारात्मक विचारों को बदलने एवं स्वस्थ व्यवहार विकसित करने में मदद करेगी। उन्होंने योग प्राणायाम के माध्यम से नशा मुक्ति पर जोर दिया।अंत में उन्होंने बताया कि इस थेरेपी के जरिए हम नशे के पैटर्न को समझ सकते हैं और बदलने पर काम कर सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ मनोज कुमार मीना ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में युवाओं में भर्ती नशे की समस्या के प्रति छात्र-छात्राओं को सूचित करना और रोकथाम के उपायों पर चर्चा करना था। महाविद्यालय धूम्रपान निषेध के संयोजक डॉ.मीना ने सभी अतिथियों,संभागियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनिल कुमार नागर, लेफ्टिनेंट डॉ. पप्पू लाल मीणा, गिरधारी लाल महावर, राज सिंह इंदौलिया, उमाशंकर शर्मा, डॉ. शशिकांत भारद्वाज,एनएसएस स्वयं सेवक एवं अनेक विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।




नशा मुक्ति के लिए व्याख्यान आयोजित हुआ।

# प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी छत्तीसगढ़ हेतु तैयारी शुरू

**सवाई माधोपुर।** भारत स्काउट एवं गाइड संगठन की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी तैयारी कम मंडल स्तरीय रोर मोटरसाइकिल हाउसिंग बोर्ड सवाई माधोपुर में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रभारी कमिश्नर एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह राजावत ने स्काउटिंग कौशल, सेवा भावना एवं जंबूरी तैयारी में रोवर रेंजर को बधाई देते हुए राजस्थान के गौरव को बढ़ाने की बात कही। सहायक राज्य संगठन आयुक्त गिरिराज प्रसाद गर्ग के अनुसार प्रथम रोवर-रेंजर जंबूरी 9 से 13 जनवरी 2026 तक दुधली, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में आयोजित होगी। इस राष्ट्रीय स्तर के ऐतिहासिक आयोजन में रोवर-रेंजर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में सहभागिता करेंगे। सी. ओ. स्काउट अनिल गुप्ता, गजेंद्र त्यागी, देवेंद्र मीणा सी. ओ. गाइड सीमा रिजवी, दिव्या के अनुसार जंबूरी का मुख्य उद्देश्य 16 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं में अनुशासन, सेवा, नेतृत्व क्षमता, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास करना है। स्काउट सचिव महेश सेजवाल ने बताया कि भरतपुर संभाग के सभी जिलों से कुल 90 सदस्यीय दल जंबूरी में भाग लेगा। जिसमें शहीद रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय सवाई माधोपुर, एम. एस. जे. कालेज, राजकीय महाविद्यालय बयाना, करौली, हिंडौन सिटी, धौलपुर, राजकीय कन्या महाविद्यालय सवाई माधोपुर, आर. डी. गर्ल्स कॉलेज भरतपुर, लोहागढ़ ओपन रोवर क्रू भरतपुर, 31वां ओपन रोवर क्रू करौली, आजाद ओपन रोवर क्रू धौलपुर, आजाद ओपन क्रू गंगापुरसिटी, शिवाजी ओपन क्रू सवाई माधोपुर, वसुंधरा ओपन रेंजर टीम धौलपुर, लक्ष्मीबाई रेंजर टीम भरतपुर के रोवर रेंजर्स यूनिट लीडर के नेतृत्व में भाग लेंगे।

### निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**भरतपुर ( निस )।** पुष्पवाटिका स्थित श्री सांई धाम मंदिर में गेल गैस कम्पनी द्वारा निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार को लगाया जायेगा। कार्यक्रम आयोजक सुगन चंद तोषावाडा, कमलकांत शर्मा व वीरेन्द्र चौधरी ने बताया कि 4 जनवरी रविवार सुबह 11 बजे से 3 बजे तक निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर गेल गैस कम्पनी व महावीर इन्टरनेशनल, दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया जा रहाहै जिसमें मरीजों की निशुल्क जांच कर मोतियाविन्द आदि नेत्र बीमारियों का निशुल्क आपरेशन किये जायेंगे। शिविर में नेत्र, सामान्य रोग, स्त्री रोग, ईसीजी, बी.पी. शुगर की जांच भी की जायेंगी।

# विप्र प्रीमियर लीग-3 की चाणक्य टीम बनी विजेता

**गंगापुर सिटी।** विप्र परिवार द्वारा आयोजित विप्र प्रीमियर लीग-3 का समापन शनिवार को समारोहपूर्वक किया गया। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम चाणक्य विजेता बनी, जबकि टीम वशिष्ठ उपविजेता रही। समापन समारोह में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, मेहमान और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

- वशिष्ठ टीम रही उपविजेता खेल के साथ संस्कृति और एकता का संदेश, खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

समापन समारोह में डॉ. एसएन शर्मा, अनुज शर्मा, हेमंत शर्मा और अशोक शर्मा मुख्य अतिथी के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता टीम चाणक्य और उपविजेता टीम वशिष्ठ के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. डीसी शर्मा, सोमदत्त शर्मा, आदित्य भारद्वाज, आशीष शर्मा, विष्णु गुरुजी, अमित जैमिनी और राकेश जैमिनी ने बताया कि विप्र प्रीमियर लीग समाज का एक महत्वपूर्ण खेल आयोजन बन गया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करता है। लीग के दौरान विभिन्न श्रेणियों में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच मनीष शर्मा (फार्मासिस्ट), सिक्स ऑफ द मैच सचिन शर्मा, कैच ऑफ द मैच सिंटू शर्मा, बॉलर ऑफ द मैच सचिन शर्मा (ब्लड बैंक), पर्पल कैप गोविंद पाराशर और ऑरेंज कैप रामबाबू शर्मा रहे। मैन ऑफ द सीरीज अनुज शर्मा द्वारा प्रायोजित की गई। विप्र प्रीमियर लीग-3 में मैन ऑफ द सीरीज रानू पाराशर को, पर्पल कैप नरेंद्र शर्मा को और ऑरेंज कैप पवन शर्मा को प्रदान की गई। समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिनका दर्शकों ने आनंद लिया। इस दौरान खेल और संस्कृति का मेल देखने को मिला। टूर्नामेंट का सफल आयोजन संयोजक राजेश आचार्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों, सहयोगकर्ताओं, प्रायोजकों और दर्शकों का आभार जताते हुए भविष्य में आयोजन और व्यापक व आकर्षक बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में धीरेंद्र शर्मा, रजनीश उपाध्याय, हिमांशु शर्मा, चंदन शर्मा, योगेंद्र शर्मा, धनेश शर्मा, गौरव शर्मा, बीएस शर्मा, अभिषेक जैमिनी सहित कमेटी के कई सदस्य और टीम खिलाड़ी मौजूद थे।




विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## सार-समाचार

### मैट्रो सिटी की तर्ज पर रात में निर्माण कार्य करवाए जाएं : सूपा

**भरतपुर ( निस )।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा सहित वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने भरतपुर जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन की ओर से इन दिनों चल रहे मरम्मत एवं निर्माण कार्यों की वजह से आम जनता को हो रही परेशानियों से निजात दिलाने की मांग जिला कलेक्टर से की है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने जिला कलेक्टर से शहर में हीरादास चौराहा से लेकर नीमदा गेट बाहर, बीनारायण से लेकर बिजलीघर तक, अनाह गेट तोप सर्किल से लेकर कुम्हेर गेट तक तथा रेडक्रॉस सर्किल से लेकर एफसीआई गोदाम मथुरा रोड तक तथा शहर में अन्य जगहों पर चल रहे मरम्मत एवं निर्माण कार्यों की वजह से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है तथा आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभी वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने जिला कलेक्टर से बड़े तथा मेट्रो सिटी की तर्ज पर भरतपुर में भी बड़े निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को रात में करवाने को प्राथमिकता देने की मांग की है, जिससे यातायात भी सुगमता से चलता रहे एवं सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। जिलाध्यक्ष सूपा ने यातायात सुगमता के लिए सभी निर्माण कार्य स्थलों पर अतिरिक्त यातायात पुलिस कर्मियों की व्यवस्था करने तथा शहर में चल रहे सीवरेज तथा पानी नलों के कनेक्शन या अन्य कार्यों से सड़क को खोदकर तुरंत ना भरे जाने पर भी जिला कलेक्टर से संबंधित के खिलाफ कडी कार्यवाही करने की मांग की है। उक्त समस्याओं का समाधान करने की मांग करने वालों में मुख्य रूप से चुन्नी कप्तान, योगेश सिंघल,दयाचंद पचौरी, मुकेश जाटव, राजेश बाल्मीकि, भरत गादोली, राकेश पठानिया, रामेश्वर सैनी, जगदीश बंजी, रेनू गौरावर, श्रीमती अखिलेश, रमेश धावई, निरंजन जघीना,लोकपाल सिंह, अशोक तांबी, हरिमोहन शर्मा, मुस्ताक अहमद, ओमप्रकाश प्रजापति, मनोज शर्मा, दिगम्बर खटाना, शहीद खान, बृजभूषण जाटव, अवधेश शर्मा, बिजेंद्र चीमा, दीपेंद्र वुरावई, हरजीत सांखला, प्रेमचंद शर्मा, चंद्रकांत शर्मा सहित काफी कार्यकर्ता शामिल थे।

### स्वर्ण-रजत पदक जीत किया नाम रोशन

**भरतपुर ( निस )।** ऑल इण्डिया बैन्च प्रेस, डैड लिफ्ट व स्क्वेट ओपन पॉवरलिफ्टिंग चौम्पियनशिप सैशन-2, 2025 नेशनल स्पोर्टस फैडरेशन द्वारा हरियाणा के सौन्ध (पलवल) में 28 दिसम्बर को आयोजित हुई प्रतियोगिता में लोहागढ़ स्टेडियम भरतपुर में राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा नियुक्त पदस्थापित कोच पूनम शर्मा द्वारा प्रशिक्षित 6 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में देश के सभी प्रदेशों से सैंकडों खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें भरतपुर से राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार में दीपक ने स्वर्ण, तन्मय ने रजत व सौरभ ने रजत, वहीं महिला खिलाड़ियों में डा. शशि चौधरी ने स्वर्ण एवं रिया ने स्वर्ण व सूर्यांशी ने सब जूनियर में स्वर्ण पदक प्राप्त कर कुल 6 मैडल प्राप्त किये, जिनका संभागीय आयुक्त नलिनी कठौतिया ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में कोच पूनम शर्मा के नेतृत्व में समस्त खिलाड़ियों का इस उपलब्धि के लिये मैडल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं कोच पूनम शर्मा को कुशल प्रशिक्षण एवं रैफरशिप हेतु स्ट्रॉग वोमैन 2025 की उपाधि से फैडरेशन द्वारा दिये जाने पर सम्मानित किया।

### खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** शनिवार को नवीन मंडी यार्ड भरतपुर में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई स नवीन मंडी यार्ड समिति प्रवक्ता इंजीनियर घमंडीसिंह नहारोली ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडी में किसान पल्लेदार जमादार सभी की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई स खेलकूद प्रतियोगिताओं के समापन पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष रघुवीरसिंह टुंडा नरेंद्र सिंघल एवं तेजवीरसिंह मौजूद रहे स 100 मी पल्लेदार दौड़ प्रतियोगिता में रिंकू मुरवारा ,100 मी जमादार प्रतियोगिता में मुकेश आनंद नगर, 100 मीटर किसान दौड़ में आदित्य राज पत्सार निवासी, 100 मी बोरी दौड़ प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र आनंद नगर एवं रस्साकशी प्रतियोगिता में सतीश अड्डा की सात सदस्य जिसमें चंद्रवीर दिनेश जीतू रंजीत सत्यवान मानसिंह ने जीत दर्ज की। आयोजन समिति में इंजीनियर घमंडीसिंह बॉक्सिंग कोच रविकुमार मित्तल कप्तानसिंह देशवाल कान्हा उर्फ भरत सुदर्शन यादव ने सभी विजेता खिलाड़ियों का दुपट्टा तस्वीर एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया स इस अवसर पर रघुवीर सिंह टुंडा नरेंद्र सिंघल कप्तानसिंह देशवाल गजेंद्रसिंह भरत तमरोली रवि मित्तल अजय सुदर्शन यादव मुकेश गर्ग महेश गर्ग बॉबी ओमी कालू राधे अध्यक्ष मजदूर संघ निक्की बीटू सोनू मोनू कप्तान पल्लेदार अमरसिंह आदि मौजूद रहे।

### भुसावर में पोषबड़ा महोत्सव मनाया

**भुसावर भरतपुर ( निस )।** कस्बा भुसावर के प्राचीन कोठी वाले हनुमान महाराज मन्दिर सहित कुण्डा जलाशय स्थित हनुमान जी महाराज मन्दिर पर पोषबडे और पुआ बनाकर भक्तों में वितरण किया। प्राचीन कोठी वाले हनुमान जी महाराज मन्दिर महंत रोहित शर्मा डब्बू जती ने बताया कि प्राचीन कोठी वाले हनुमान जी महाराज के भक्त विनोद कुमार सिंघल एवं उनके परिवार द्वारा एक मन सामग्री से निर्मित पोषबडों और पूओं का ठाकुर जी को भोग लगाया गया। दूसरी ओर उमेश कुमार शर्मा ने बताया कि कुण्डा जलाशय स्थित हनुमान जी महाराज मन्दिर पर पोषबडा महोत्सव का आयोजन साधु संतों के तत्वावधान में किया गया। जहां 5 मन सामठी से पोषबडा प्रसादी तैयार कर भगवान को भोग लगाया गया। प्रसादी पाने मन्दिर पर भक्तों की भीड उमड पडी।

### वीबीआर नेट कार्यशाला आयोजित

**भरतपुर, ( निस )।** 2 जनवरी 2025 से 3 जनवरी 2025 तक वीबीआर नेट कार्यशाला भरतपुर जिले में आयोजित की गई जिसमें जिले की सभी प्रधानाचार्य और कार्यालय प्रभारी उपस्थित रहे। विद्या भारती राजस्थान के प्रेम सिंह शेखावत कोषाध्यक्ष, जिला व्यवस्थापक मल्ल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अमित कुमार अग्रवाल और जिला सचिव संतोष कटारा ने कार्यशाला को संबोधित किया।

### भण्डारे में लोगों ने पाई पंगत प्रसादी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। श्री राम कथा सेवा समिति 2026 द्वारा आयोजित राम कथा का समापन विशाल भंडारे के साथ हुआ। इस भंडारे में गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्रों से आए 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। भंडारे की शुरुआत कन्या पूजन करके एंव उन्हें भोजन कराकर की गई। इस अवसर पर भगवान श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। झांकी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। परिसर में जय श्री राम के जयघोष सुनाई दिए। श्री राम कथा सेवा समिति के संयोजक गोविंद ने बताया कि समिति पिछले छह वर्षों से लगातार ऐसे धार्मिक आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में नगरवासियों और श्रद्धालुओं का निरंतर सहयोग प्राप्त होता रहा है। समिति भविष्य में भी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजनों को जारी रखेगी। समिति संयोजक ने इस सफल आयोजन के लिए समिति के सभी सदस्यों, नगरवासियों और राम कथा आयोजन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाली सभी संस्थाओं तथा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### शोभायात्रा निकाली

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। पुरानी चुंगी के पास एक मैरिज होम में आयोजित तीन दिवसीय नरसी भगत, नानी बाई को मायरो कथा के दूसरे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा। कथा स्थल पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। राष्ट्रीय कथावाचक गोविंद भैया ने नरसी भगत के जीवन चरित्र और नानी बाई की भक्ति, त्याग व विश्वास की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी नानी बाई का भगवान पर अटूट विश्वास बना रहा, जिसके परिणामस्वरूप भगवान स्वयं भक्त की लाज बचाने के लिए प्रकट हुए। कथावाचन के दौरान ''भगवान खुद नानी बाई का मायरो भात भरने पहुंचे'' प्रसंग सुनकर श्रोतागण प्रभावित हुए। शनिवार को कथा से पहले आयोजक परिवार ने मायरा की एक शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा बालाजी चौक से शुरू होकर मुख्य बाजारों से होते हुए कार्यक्रम स्थल विजय पैलेस पहुंची जहां पर सभी का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा में कई सजीव झांकी सजाई जिसमें सांवरिया सेठ की झांकी सबके आकर्षण का केन्द्र रहीं। शोभायात्रा में एक बैलगाड़ी में नरसी भगत साधु-संतों के साथ थे, जबकि भगवान श्रीराधा-कृष्ण की झांकी भी सजाई गई थी। दो अन्य ठेलों में मायरा रखा हुआ था, जो शोभायात्रा का हिस्सा था। हजारों की संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए।

